## एक नजर में

### फसल बीमा का सीधा प्रसारण देखा



**मोहन बड़ोदिया, 11 अगस्त.** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रबी मौसम 2024-25 एवं पिछले वर्ष/मौसम के फसल बीमा दावों की पहली किश्त पात्र कृषकों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से 11 अगस्त 2025 को वितरित की गई. इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग तथा मुख्यमंत्री, राजस्थान शासन द्वारा समारोहपूर्वक झून्झूनू राजस्थान से वितरण किया गया. प्रभारी एसएडीओ अमित यादव ने बताया कि कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सोमवार दोपहर 1 बजे मोहन बड़ोदिया कृषि उपज मंडी में देखा गया. इस दौरान सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई. इसके उपरांत अतिथि परिचय कर अतिथियों और मौजूद किसानों का हारमाला पहनाकर स्वागत किया गया. इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष जगदीश पाल, पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनीष प्रजापति, भारतीय किसान संघ के तहसील अध्यक्ष शंकर कुम्भकार, तहसील उपाध्यक्ष गोकुल सिंह, ग्राम पंचायत मोहन बड़ोदिया सरपंच प्रतिनिधि जगदीश पाटीदार, जनपद सदस्य रमेशचंद्र मुकाती, कृषि उपज मंडी से अशोक पाटीदार, कृषि विभाग से अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे.

### ग्राम सतगांव से दुपाड़ा तक निकाली तिरंगा यात्रा



**मोहन बड़ोदिया, 11 अगस्त.** भाजपा मंडल दुपाड़ा द्वारा सोमवार को हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा को लेकर भाजपा मंडल दुपाड़ा में शाजापुर विधायक अरूण भीमावद के मुख्य आतिथ्य और भाजपा मंडल अध्यक्ष दुपाड़ा अनोप सिंह राजपूत की अध्यक्षता में ग्राम सतगांव से दुपाड़ा तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया. तिरंगा यात्रा के प्रभारी राजेश पाटीदार, संतोष आचार्य और भाजपा के सभी वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे.

### किशोर सिंह बने जिला सलाहकार



**शाजापुर, 11 अगस्त.** ठिकाना बज्जाहेड़ा निवासी किशोरसिंह राजपूत को करणी सेना परिवार जिला शाजापुर का जिला सलाहकार नियुक्त किया गया है. यह नियुक्ति करणी सेना परिवार प्रमुख जीवनसिंह शेरपुर के निर्देश व प्रदेश संगठन मंत्री शैलेन्द्र सिंह कालूहेड़ा, प्रदेश सचिव अजीत सिंह डोडिया की अनुशंसा एवं अन्य सभी पदाधिकारियों की सहमति से जिला अध्यक्ष सोनू बना सांपखेड़ा एवं जिला संयोजक भीमसिंह डूंगरगांव ने की है. नियुक्ति पर किशोर सिंह ने सभी पदाधिकारियों का आभार माना है. साथ ही संगठन हित में सदैव सक्रिय रहने का संकल्प लिया है. राजपूत ने बताया कि 14 अगस्त को करणी सेना परिवार के प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर का शाजापुर आगमन हो रहा है. यह सभी करणी सैनिकों के लिए उत्साह की बात है. शेरपुर के नेतृत्व में निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा के लिए सभी करणी सैनिक तैयारी में जुटे हुए हैं. शाजापुर में 14 अगस्त को करणी सेना परिवार द्वारा ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी.

### प्रधानमंत्री फसल बीमा की प्रथम किश्त प्रदान

**शाजापुर, 11 अगस्त.** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत भारत सरकार केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री शिवराजसिंह चौहान एवं मुख्यमंत्री राजस्थान शासन द्वारा समारोह का आयोजन झुंझुनूं राजस्थानद्ध से किया गया. उपसंचालक कृषि आरएल जामरे ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत भारत सरकार एवं मप्र सरकार के सहयोग से भारतीय कृषि बीमा कम्पनी लिमिटेड के द्वारा फसल बीमा वितरण वर्ष रबी 2023-24, खरीफ2024 एवं रबी 2024-25 के अनुसार शाजापुर जिले में कुल 2.75 लाख से अधिक कृषको को लाभांवित कर दावा राशि 36.65 करोड़ रूपये का सिंगल क्लिक प्रत्यक्ष लाभ अंतरण डीबीटी के माध्यम से बीमित किसानों के खाते में दावा राशि की प्रथम किश्त प्रदाय की गई. इस संबंध में कृषि विज्ञान केन्द्र गिरवर जिला शाजापुर एवं विकासखण्ड स्तरीय शाजापुर, मो. बड़ोदिया, शुजालपुर, कालापीपल पर कार्यक्रम जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया.

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न ग्रामों में निकाली तिरंगा यात्रा



**शाजापुर, 11 अगस्त.** हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के तहत आज जिले के चारों विकासखण्ड की ग्राम पंचायतों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया. इसी के तहत शाजापुर विधायक अरूण भीमावद के नेतृत्व में ग्राम पंचायत बेरछा में जनजागरूकता कार्यक्रम एवं तिरंगा रैली निकाली गई. इसी प्रकार कालापीपल विधायक घनश्याम चन्द्रवंशी के नेतृत्व में शुजालपुर की ग्राम पंचायत खाटसूर में तिरंगा यात्रा निकाली गई. जिला पंचायत शाजापुर में स्वच्छ सुजल गांव की शपथ दिलाई गई. इसके साथ ही जिले की जनपद पंचायत शाजापुर, शुजालपुर एवं मो. बड़ोदिया के ग्रामों तिरंगा यात्रा निकाली गई एवं स्वच्छ सुजल गांव की शपथ भी दिलाई गई. इसके साथ ही ग्राम पंचायत दुपाड़ा, करजू, हरियाणी, सुनेरा, नोलाया में तिरंगा यात्रा निकालकर स्वच्छ सुजल गांव की शपथ दिलाई गई. तिरंगा यात्रा में जनप्रतिनिधिगण, विद्यार्थीगण, ग्राम के गणमान्य नागरिक सहित अन्य शामिल हुए. नगर परिषद पानखेडी कालापीपल कार्यालय में तिरंगा फहराया गया. इसके साथ ही नगरीय निकाय कर्मचारियों द्वारा तिरंगे के सम्मान की शपथ भी ली गई. इस अवसर पर निकाय के सफाईकर्मी, कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित थे.

# बारिश की लंबी खेंच से बिगड़ रही फसलों की सेहत

## किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें, आ सकती है दोबारा बोवनी की नौबत

**शाजापुर, 11 अगस्त. बारिश की लंबी खेंच का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. आसमान पर बादल जरूर छा रहे हैं, जो बिन बरसे लौट रहे हैं. बारिश के अभाव मे बोवनी कर चुके किसानों को अब फसलों की चिंता सता रही है. क्योंकि यदि जल्द ही बारिश नहीं हुई, तो किसानों को दोबारा बोवनी की नौबत आ सकती है, जो किसानों के लिए आसान काम नहीं है. ऐसे में उन्हें नुकसान उठाना पड़ सकता है. वहीं मौसम विभाग ने भी चिंता बढ़ाने वाली जानकारी दी है, जिसके अनुसार आगामी एक सप्ताह और राहत बरसने के आसार नहीं हैं.**



गौरतलब है कि जिले में 29 जुलाई को कुछ देर के लिए फुहारें बरसी थी. तब से आज तक आसमान साफ है. बारिश न होने के कारण लोगों का गर्मी से बुरा हाल हो रहा है और नगरवासी आसमान ताक रहे हैं. वहीं तापमान में भी लगातार उछाल आ रहा है. रविवार को भी नगर का अधिकतम तापमान 33.1 डिग्री दर्ज किया गया, तो रात का तापमान भी 23.8 डिग्री पहुंच चुका है, जबकि गत वर्ष अब तक 28 इंच के करीब बारिश हो चुकी थी और मौसम में भी ठंडक घुली हुई थी, लेकिन इस वर्ष स्थिति बिल्कुल विपरीत है. अब तक केवल 11 इंच वर्षा ही दर्ज हुई है.

**रात में भी नहीं राहत...**

केवल दिन में ही नहीं बल्कि लोगों को रात में भी मुसीबत हो रही है. क्योंकि बारिश के अभाव में बढ़ती गर्मी व उमस से लोगों का बुरा हाल हो रहा है. जिसके चलते लोगों को न दिन में चैन है और न ही रात में सुकून. रात में जरूर कुछ देर के लिए ठंडी हवाएं चलती हैं. वहीं दिन में छाने वाले बादल भी केवल लोगों को तरसाकर खाली हाथ लौट रहे हैं.

### बांध का जलस्तर भी तेजी से गिर रहा...

बारिश की लंबी खेंच से एक तरफ फसलों की स्थिति खराब हो रही है, तो दूसरी तरफ शहरवासियों के लिए पेयजल संकट की ओर इशारा भी कर रही है. क्योंकि बारिश नहीं होने के कारण पेयजल का प्रमुख स्रोत चीलर बांध खाली ही पड़ा है. बांध में जगह-जगह टीले दिखाई दे रहे हैं. पानी की आवक नहीं होने के कारण डेम का जलस्तर लगातार तेजी से गिर रहा है. यदि आगे भी ऐसी ही स्थिति रही, तो पेयजल संकट की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता.



### बारिश की खेंच से सूखने लगी फसलें...

वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. जीआर अंबावतिया ने बताया कि जहां बल्डे की जमीन है, वहां फसलें सूखने लगी हैं, जिसे अब पानी की बहुत आवश्यकता है और पानी के अभाव में फूल भी मुरझाने लगे है. हालांकि जहां नमी वाली जमीन है, वहां फसलें फिलहाल टिकी हुई हैं, लेकिन उन्हें भी अब दो से चार दिन में पानी की जरूरत पड़ने वाली है, जिसके अभाव में उन फसलों पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा.

### फसलों में पीला मोजेक-इल्ली के प्रकोप का डर

बारिश की लंबी खेंच से फसलों पर भी संकट के बादल छाने लगे हैं. बढ़ते तापमान और पानी की कमी के चलते सोयाबीन की फसल पर पीला मोजेक और इल्ली का प्रकोप बढ़ने की आशंका है. कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि अभी स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन यदि यही हालात रहे, तो फसलें प्रभावित हो सकती हैं. कई किसानों की फसलें अब बढ़ने की स्थिति में हैं, जिन्हें अब पानी की आवश्यकता है. ऐसी स्थिति में कृषि वैज्ञानिक भी किसानों की कोई मदद नहीं कर पा रहे हैं. क्योंकि बारिश हो तो फसलों को जीवनदान मिले, लेकिन अब तक बारिश का इंतजार खत्म नहीं हुआ है. जबकि कई जिलों में बाढ़ के हालात बने हुए हैं, लेकिन यहां गर्मी से भी राहत नहीं मिल पा रही है.

### प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 इंटरेस्ट सब्सिडी स्कीम

**शाजापुर, 11 अगस्त.** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 इंटरेस्ट सब्सिडी स्कीम की विस्तारपूर्वक समीक्षा की. इस दौरान कलेक्टर सुश्री बाफना ने सभी निकायों के सीएमओ एवं सभी बैंकों के अधिकारियों को उक्त योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कर आमजनों को योजना का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए. योजना में इंटरेस्ट सब्सिडी स्कीम के तहत आवेदन कर लाभ प्राप्त किया जा सकता है. योजना के तहत ईडब्ल्यूएस परिवार की वार्षिक आय राशि 3 लाख तक, एलआईजी परिवार की आय 3.6 लाख एवं एमआईजी परिवार की वार्षिक आय 6.9 लाख वर्ग के पात्र हितग्राही आवास क्रय निर्माण करने के लिए गृह ऋण पर ब्याज सब्सिडी योजना आईएसएस का लाभ प्राप्त कर सकते हैं.

## बाबा भोलेनाथ की निकली शाही सवारी

**मोहन बड़ोदिया, सोमवार दोपहर को भोले बाबा की अंतिम भव्य शाही सवारी बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ निकाली गई. यह दिव्य सवारी सोमवार दोपहर 2 बजे से श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर बड़ी पांथी, श्रीकृष्ण मंदिर, दाऊजी मंदिर, फूलचंद चौराहे से होकर से प्रमुख मार्गों से होकर मोहन बड़ोदिया के श्री भक्तराज पुष्प वाटिका पहुंची.**

शाही सवारी में हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे. इस शाही सवारी में बाबा महाकाल की आकर्षक झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र होगी. साथ ही नगर भ्रमण के दौरान बाबा की सुंदर पालकी, घोड़े, तोप और मनोहारी आतिशबाजी अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया. सवारी में 4 से 5 पांच डीजे आर्कषण का केंद्र रहे, जो क्रमबद्ध



आगे पीछे और बीच में चल रहे थे, जिसकी थाप पर लोग झूमते नाचते नजर आए. बजरंग अखाड़ा बाड़ीगांव, जय बजरंग अखाड़ा गोपीपुर, देव शक्ति अखाड़ा मोहन बड़ोदिया, दुर्गा वहिनी अखाड़ा बड़ोदिया भी विशेष दल एवं झांकियां अघोर सेना उज्जैन, बाहुबली हनुमान इंदौर, आदियोगनाथ नलखेड़ा, झांज टोली, डमरू टोली, हरिहर मिलन, बम-बम नाथ भी मौजूद रहे. सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर प्रशासन एवं आयोजन समिति के द्वारा वालेंटियर बनाकर व्यापक इंतजाम किए.

## मक्सी पुलिस की बड़ी सफलता, फरार स्थायी वारंटियों को किया गिरफ्तार



**मक्सी, 11 अगस्त. पुलिस अधीक्षक शाजापुर यशपाल सिंह राजपूत के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गोपाल सिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना मक्सी पुलिस को लम्बे समय से फरार स्थायी वारंटीयों की धरपकड़ में बड़ी सफलता मिली है.**

10 अगस्त को थाना मक्सी पुलिस ने देवास जिले से 02 फरार स्थायी वारंटीयों कर्रा उर्फ श्रवण पिता घनश्याम बघेल उम्र 32 वर्ष निवासी ईश्वर नगर बालगड़ देवास. राजेश पिता अंतर सिंह ठाकुर उम्र 38 वर्ष निवासी 56/6 सुतार बाखल देवास को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया. पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत के निर्देशानुसार जिला शाजापुर में फरार स्थायी वारंटियों की अधिकता से तामील कराने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है. जिसमें विभिन्न न्यायालयीन प्रकरणों में फरार स्थाई वारंटीयो को थाना मक्सी प्रभारी निरीक्षक भीम सिंह पटेल के नेतृत्व में गठित टीम ने अब तक कुल 10 स्थायी वारंटीयों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है. गिरफ्तार अन्य स्थायी वारंटी में कृपाल पिता अंतर सिंह गुर्जर उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम सिमरोलखेड़ा, इंदर सिंह पिता बजे सिंह उम्र 58 वर्ष निवासी ग्राम सिन्दुरिया थाना विजयागंज मंडी जिला देवास, राजू पिता बालचंद लोधी, निवासी वार्ड क्रमांक 01 नई आबादी मक्सी, आसिफ पिता आबिद खां निवासी बावड़ी मोहल्ला मक्सी, ओमप्रकाश पिता रामचंद्र खाती निवासी ग्राम झोकर, मोहम्मद जलील पिता अकबर मंसूरी निवासी मंसूरी मोहल्ला मक्सी, शाहिद पिता जलील शाह, निवासी बल्डिया सोन, नरेन्द्र पिता निर्भय सिंहए निवासी बरण्डवा सभी को पंचान के समक्ष विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया. कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक भीम सिंह पटेल, सउनि अभिषेक दीक्षित, सउनि नरेन्द्र सिंह बुंदेला, सउनि संतोष रघुवंशी, प्रधान आरक्षक विरेंद्र शर्मा, धीरेन्द्र पाण्डेय, हिरदेश दांगी, कन्हैयालाल सोलंकी, अनिल मंडलोई, राहुल पटेल, हरेन्द्र सिंह बघेल, निलेश पटेल, आरक्षक राहुल जाट, रोहित पटेल, सुरेश मालवीय, प्रकाशचंद्र ने विशेष भूमिका निभाई.

## इंस्टाग्राम पर रील बनाकर उड़ाया रक्षाबंधन का मजाक

### हिन्दू संगठनों ने किया विरोध, दो युवकों पर पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण

**सुसनेर, 11 अगस्त. शहर में सोशल मीडिया पर राखी को लेकर की गई आपत्तिजनक पोस्ट ने विवाद खड़ा कर दिया. पोस्ट के विरोध में हिंदू संगठन के कार्यकर्ता सुसनेर थाने पहुंच गए और जमकर नारेबाजी की. उसके बाद पुलिस हरकत में आई और 2 युवकों को पकड़कर उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है.**

दरअसल, रक्षाबंधन त्यौहार को लेकर समुदाय विशेष के 2 युवकों ने सोशल मीडिया के




इंस्टाग्राम पर 2 आपत्तिजनक रील्स बनाकर अपलोड की. ये रील्ड जैसे ही नलखेड़ा और सुसनेर के हिन्दू संगठनों के पास पहुंची, तो वे सोमवार को थाने पहुंच गए. करीब 2 घंटे के विरोध प्रदर्शन के बाद एसडीओपी देवनाराण यादव थाने पहुंचे. उसके बाद पुलिस दोनों युवकों को पकड़कर थाने लाई और नियमानुसार उनके विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया. इस दौरान हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं के द्वारा थाने के बाहर जमकर नारेबाजी भी की गई. इस मामले में आपत्तिजनक वीडियो को पोस्ट करने वाले युवकों पर कार्रवाई की मांग को लेकर नलखेड़ा से हिन्दू जागरण मंच के सैकड़ों कार्यकर्ता एवं सुसनेर से बजरंग दल और विहिप के सैकड़ों कार्यकर्ता थाने पहुंचे थे.

**एक नजर में** — फूलों सें सजी पालकी में नीलकंठेश्वर और ओंकारेश्वर महादेव ने किया नगर भ्रमण

# देवाधिदेव महादेव की एक झलक पाने सड़कों पर उतरा आस्था का सैलाब

**सुसनेर, 11 अगस्त. शहर के राजाधिराज भगवान नीलकंठेश्वर और ओंकारेश्वर महादेव का कारवां भादौ के पहले सोमवार को सड़क पर उतरा, तो श्रद्धालुओं ने पलक पावड़े बिछाकर स्वागत किया. शिव भक्त मंडल के तत्वावधान में निकाली गई महादेव की शाही सवारी में हर कोई बाबा की एक झलक पाने के लिए आतुर दिखाई दिया.**

हवा में गूंजती हर-हर महादेव, शिव शंभु, ओम नमः शिवाय की स्वर लहरियां, कहार के रूप में पालकी उठाए जनप्रतिनिधि, तोप और श्रद्धालुओं की ओर से आसमान में होती फूलों की बरसात, सड़क पर नाचती भूतों की बारात, श्रृद्धा और आस्था से डीजे की धुन पर नाचती झूमती हजारों भक्तों की भीड़ और दुल्हन की तरह सजे नगर में फूलों से



सजी पालकी में राजसी ठाठ से सवार होकर नगराधिपति बाबा नीलकंठेश्वर और ओंकारेश्वर महादेव पूरे लाव लश्कर के साथ नगर का हाल जानने के लिए निकले. भक्तों ने अपने-अपने द्वार पर बाबा की पालकी के दर्शन व आरती उताकर स्वागत पूजन किया. अलसुबह कंठाल नदी के तट पर देवी अहिल्याबाई द्वारा स्थापति नीलकंठेश्वर महोदव ओर ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में महारुद्राभिषेक कर श्रंगार आरती की गई. उसके बाद महादेव को मुखोटे को फूलों से सुसज्जित पालकी में विराजमान किया गया. उसके बाद महादेव अपनी प्रजा का हाल जानने के लिए नगर भ्रमण पर निकले. रात्रि 8 बजे बाबा की शाही सवारी नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर पहुंची. जहां महाआरती के साथ समापन किया गया. सवारी का विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के द्वारा स्वल्पाहर और पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया. इस दौरान एसडीएम सर्वेश यादव, एसडीओपी देवनारायण यादव, टीआई केसर राजपूत भी बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे.

### चम्पा के मंदिर में हुआ हरिहर का मिलन...

शुक्रवारिया बाजार स्थित चम्पा के मंदिर में सोमवार की शाम को हरिहर मिलन हुआ. यहां पर महादेव की आरती की गई. इस दौरान जोरदार आतिशबाजी भी की गई. उसके बाद प्रसादी भी वितरित की गई.

### सवारी में ये रहे आकर्षण का केंद्र...

शाही सवारी मे सबसे आगे आर्यवीर दल के 2 अखाड़े और दुर्गावाहिनी का आखड़े में कलाकार हैरतंगैज करतब दिखाकर लोगों का मनोरजंन करते हुए चल रहे थे. उसके पीछे डीजे की धुन पर नाचती गाती युवाओं की टोली उसके बाद ताशा पार्टी, पंजाब और गुजरात के लोक नृत्य की प्रस्तुति देते हुए कलाकार, भूतों की बारात, बैण्ड, ढोल, विभिन्न प्रकार की झांकियां आकर्षक का केन्द्र रहे.



